रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 19/12/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

**Q.1** यदि किसी वस्तु पर बल दोगुना हो जाता है जबकि उसका द्रव्यमान समान रहता है, तो त्वरण __________।

**Ans**
- ✔ A. भी दोगुना हो जाता है
- ✘ B. शून्य हो जाता है
- ✘ C. समान रहता है
- ✘ D. आधा

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प संक्षारण को दर्शाता है?

**Ans**
- ✔ A. लोहे का जंग लगना
- ✘ B. LPG का जलना
- ✘ C. पानी में चीनी का घुलना
- ✘ D. पानी का उबलना

**Q.3** अवतल दर्पण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

**Ans**
- ✘ A. वे आवर्धित प्रतिबिंब नहीं बना सकते।
- ✘ B. इनका उपयोग पश्च-दृश्य दर्पण (rear-view mirror) के रूप में किया जाता है।
- ✔ C. इनका उपयोग दंतचिकित्सक दांतों की बड़े प्रतिबिंब देखने के लिए करते हैं।
- ✘ D. वे सदैव आभासी प्रतिबिंब उत्पन्न करते हैं।

**Q.4** यदि आप किसी स्थिर दीवार को 80 N से धक्का देते हैं, तो दीवार आपको ______ से पीछे धकेलती है।

**Ans**
- ✘ A. 160 N
- ✔ B. 80 N
- ✘ C. 0 N
- ✘ D. 40 N

**Q.5** किसी पिंड पर 10 N का मंदक बल कार्य करता है। इस बल के कारण किया गया कार्य −200 J है। इस बल की क्रिया के अंतर्गत पिंड के विस्थापन का परिमाण और दिशा क्या होगी?

**Ans**
- ✔ A. 20 m; बल की दिशा के विपरीत
- ✘ B. 20 m; बल की दिशा में
- ✘ C. 2000 m; बल की दिशा के विपरीत
- ✘ D. 2000 m; बल की दिशा में

| Q.6 | निम्नलिखित में से कौन-सा, पादप कोशिका में गॉल्जी काय का सही कार्य है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. कोशिका का आकार बनाए रखना |
| | ✗ B. कोशिका को सुरक्षा प्रदान करना |
| | ✓ C. लाइसोसोम के निर्माण में सहायता करना |
| | ✗ D. प्रोटीन के संश्लेषण में सहायता करना |

| Q.7 | जब उबले हुए रोयो पत्ती के छिलकों पर नमक का विलयन लगाया जाता है, तो यह जीवद्रव्यकुंचन दर्शाने में विफल हो जाता है, क्योंकि ______________। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. मृत कोशिकाएं परासरण नहीं कर सकतीं |
| | ✗ B. भित्तियां लवणों को अवरूद्ध करती हैं |
| | ✗ C. केंद्रक विसरण को रोकते हैं |
| | ✗ D. क्लोरोफिल जल सोख लेता है |

| Q.8 | प्रतिरोधकता के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. यह तापमान के साथ परिवर्तित होता है। |
| | ✗ B. यह पदार्थ का एक गुण है। |
| | ✓ C. यह तार की लंबाई पर निर्भर करता है। |
| | ✗ D. इसे ओम-मीटर में मापा जाता है। |

| Q.9 | हरे पादपों में प्रकाश संश्लेषण के दौरान कौन-सी घटना प्रत्यक्ष रूप से नहीं होती है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. कार्बोहाइड्रेट का विघटन करके ऊर्जा मुक्त करना |
| | ✗ B. पर्णहरित द्वारा प्रकाश ऊर्जा का अवशोषण |
| | ✗ C. प्रकाश ऊर्जा का रासायनिक ऊर्जा में रूपांतरण |
| | ✗ D. कार्बन डाइऑक्साइड का कार्बोहाइड्रेट में अपचयन |

| Q.10 | अपघटन अभिक्रिया क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दो या दो से अधिक पदार्थ मिलकर एक उत्पाद बनाते हैं |
| | ✓ B. एक यौगिक दो या अधिक सरल पदार्थों में टूटता है |
| | ✗ C. दो यौगिक आयनों का आदान-प्रदान करते हैं |
| | ✗ D. एक पदार्थ दो या दो से अधिक अभिकारकों से बनता है |

| Q.11 | कौन-सी धातु, ठंडे जल के साथ तीव्रता से अभिक्रिया करती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ऐलुमिनियम |
| | ✗ B. मैग्नीशियम |
| | ✓ C. सोडियम |
| | ✗ D. तांबा |

| Q.12 | यदि किसी मोटर गाड़ी पर पश्च दृश्य के लिए प्रयुक्त उत्तल दर्पण की वक्रता त्रिज्या 4.00 m है, तो इसकी फोकस दूरी कितनी होगी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 1 m |
| | ✗ B. 4 m |
| | ✓ C. 2 m |
| | ✗ D. 8 m |

| Q.13 | वह प्रक्रिया, जिसके द्वारा विकासशील भ्रूण गर्भाशय की अस्तर से जुड़ जाता है, क्या कहलाती है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. आरोपण (implantation) |
| | ✗ B. भ्रूणोद्भव (embryogenesis) |
| | ✗ C. निषेचन (fertilisation) |
| | ✗ D. गर्भपात (abortion) |

| Q.14 | कौन-सी पद्धति घर पर ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग को दर्शाती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एयर कंडीशनर का अति उपयोग करना |
| | ✗ B. खाली कमरे को लगातार गर्म करना |
| | ✗ C. सभी उपकरणों को स्टैंडबाय मोड पर रखना |
| | ✔ D. बल्ब या फ्लोरोसेंट ट्यूब का उपयोग करना |

| Q.15 | यदि विलायक की समान मात्रा में अधिक विलेय मिलाया जाए, तो विलयन की सांद्रता पर क्या प्रभाव पड़ता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. यह अपरिवर्तित रहता है |
| | ✔ B. यह अधिक सांद्रित हो जाता है |
| | ✗ C. यह निलंबन बन जाता है |
| | ✗ D. यह कम सांद्रित हो जाता है |

| Q.16 | निम्नलिखित दो कथनों, अभिकथन (A) और कारण (R) के संबंध में सही विकल्प का चयन करें।<br><br>कथन **(A):** इंसुलिन रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में सहायक होता है।<br>कारण **(R):** इंसुलिन ग्लूकोज को ग्लाइकोजन में परिवर्तित करता है, जिसे यकृत में संग्रहित किया जाता है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. A असत्य है, लेकिन R सत्य है। |
| | ✗ B. A सत्य है, लेकिन R असत्य है। |
| | ✗ C. A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है। |
| | ✔ D. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है। |

| Q.17 | विविधताओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. रोगों के प्रति लचीलापन प्रदान करता है। |
| | ✗ B. विविधता बदलते वातावरण के अनुकूल ढलने में सक्षम बनाती है। |
| | ✗ C. आपदाओं के दौरान प्रजातियों के अस्तित्व को सुनिश्चित करता है। |
| | ✔ D. विविधता के कारण प्रजातियाँ विलुप्त होने की ओर अग्रसर होती हैं। |

| Q.18 | निम्नलिखित में से कौन-सी संतृप्त हाइड्रोकार्बन (ऐल्केन) की एक विशिष्ट अभिक्रिया है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. योगात्मक अभिक्रिया (Addition reaction) |
| | ✔ B. प्रतिस्थापन अभिक्रिया (Substitution reaction) |
| | ✗ C. उदासीनीकरण (Neutralisation) |
| | ✗ D. बहुलकीकरण (Polymerisation) |

| Q.19 | निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा, कार्बन का एक अपरूप है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. हीरा |
| | ✗ B. कार्ट्ज |
| | ✗ C. चूना पत्थर |
| | ✗ D. फिटकरी |

| | |
|---|---|
| Q.20 | एक गेंद को पृथ्वी की सतह से 10 m की ऊँचाई से गिराया जाता है। गेंद किस चाल से ज़मीन से टकराएगी?<br>(g = 10 m/s$^2$ लीजिए) |
| Ans | ✗ A. $20\ m/s$ |
| | ✗ B. $200\ m/s$ |
| | ✗ C. $10\ m/s$ |
| | ✓ D. $10\sqrt{2}\ m/s$ |

| | |
|---|---|
| Q.21 | निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प किसी विलयन की सांद्रता को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है? |
| Ans | ✗ A. दिए गए विलेय की मात्रा में उपस्थित विलयन की मात्रा |
| | ✗ B. दिए गए विलयन की मात्रा में उपस्थित विलायक की मात्रा |
| | ✗ C. दिए गए विलेय की मात्रा में उपस्थित विलायक की मात्रा |
| | ✓ D. दिए गए विलयन की मात्रा में उपस्थित विलेय की मात्रा |

| | |
|---|---|
| Q.22 | एक सीधे धारावाही चालक के साथ एक चुंबकीय क्षेत्र (B) जुड़ा है। चुंबकीय क्षेत्र (B) के मान के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?<br>(i) जैसे-जैसे हम चालक से दूर जाएंगे, चुंबकीय क्षेत्र बढ़ता जाएगा।<br>(ii) जैसे-जैसे हम चालक से दूर जाएंगे, चुंबकीय क्षेत्र कम होता जाएगा।<br>(iii) जब चालक में प्रवाहित धारा बढ़ेगी तो चुंबकीय क्षेत्र भी बढ़ेगा।<br>(iv) जब चालक से प्रवाहित धारा बढ़ेगी तो चुंबकीय क्षेत्र सबसे पहले घटेगा। |
| Ans | ✗ A. (iii) और (iv) दोनों |
| | ✗ B. (i) और (ii) दोनों |
| | ✓ C. (ii) और (iii) दोनों |
| | ✗ D. (i) और (iv) दोनों |

| | |
|---|---|
| Q.23 | निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प यह सुनिश्चित करता है, कि प्रत्येक पीढ़ी में DNA की मात्रा दोगुनी न हो? |
| Ans | ✗ A. देह कोशिकाओं का विभाजन |
| | ✓ B. DNA का युग्मकों में अपचयन (Reduction) |
| | ✗ C. DNA की युग्मकों में संगति (Consistency) |
| | ✗ D. न्यूरॉन्स का विभाजन |

| | |
|---|---|
| Q.24 | अवश्रव्य ध्वनि के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है? |
| Ans | ✗ A. आवृत्ति > 20 kHz |
| | ✗ B. वायु में गति नहीं कर सकती है |
| | ✓ C. आवृत्ति < 20 Hz |
| | ✗ D. 20 Hz और 20 kHz के बीच आवृत्ति |

| | |
|---|---|
| Q.25 | निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, समभारिक परमाणु (Isobar) को दर्शाता है? |
| Ans | ✗ A. 235U92 और 238U92 |
| | ✓ B. 40K19 और 40Ar18 |
| | ✗ C. 15N7 और 16O8 |
| | ✗ D. 15O8 और 16O8 |

Section : **Mathematics**

| Q.26 | दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, 20% मतदाताओं ने वोट नहीं डाला और डाले गए सभी वोट वैध थे। विजेता को डाले गए कुल वोटों के 70% वोट मिले और वह 23,200 वोटों के अंतर से जीता। कुल मतदाताओं की संख्या कितनी थी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 82,500 |
| | ✗ B. 69,500 |
| | ✗ C. 75,000 |
| | ✓ D. 72,500 |

| Q.27 | आरती को 50% छूट पर एक नया बिस्तर मिला। अगर आरती को कोई छूट नहीं मिलती, तो उसे ₹8,453 अतिरिक्त देने पड़ते। तो आरती ने बिस्तर के लिए कितने पैसे दिए? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹8,452 |
| | ✗ B. ₹8,454 |
| | ✓ C. ₹8,453 |
| | ✗ D. ₹8,455 |

| Q.28 | शाहिद अपने घर से अपनी सामान्य चाल की $\frac{4}{7}$ चाल से चलकर अपने कार्यालय जाता है तो उसे पहुँचने में 12 मिनट का विलंब हो जाता है। उसके द्वारा अपने घर और कार्यालय के बीच की दूरी तय करने में लगने वाला सामान्य समय कितना लगता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 21 मिनट |
| | ✗ B. 9 मिनट |
| | ✓ C. 16 मिनट |
| | ✗ D. 10 मिनट |

| Q.29 | ₹4,400 के मूलधन पर 5% की वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर (वार्षिक रूप से संयोजित होने पर) से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹4,071 |
| | ✗ B. ₹5,840 |
| | ✓ C. ₹4,851 |
| | ✗ D. ₹4,819 |

| Q.30 | ₹8,516 को A, B और C के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि यदि उनके हिस्से से क्रमशः ₹88, ₹31 और ₹90 काट लिए जाएँ, तो उनके पास 18:17:4 के अनुपात में धनराशि बचती है। B और C के मूल हिस्सों के बीच अंतर ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹2,719 |
| | ✓ B. ₹2,710 |
| | ✗ C. ₹2,619 |
| | ✗ D. ₹2,919 |

| Q.31 | एक कार 2 घंटे में 120 km की दूरी तय करती है। इसकी चाल कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 40 km/h |
| | ✓ B. 60 km/h |
| | ✗ C. 120 km/h |
| | ✗ D. 240 km/h |

| Q.32 | एक समबाहु त्रिभुज के एक आंतरिक बिंदु से इसकी तीनों भुजाओं पर तीन लंब खींचे गए हैं जिनकी लंबाई क्रमशः 12.7 cm, 14.8 cm और 11.5 cm है। समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $539\sqrt{3}\ \text{cm}^2$ |
| | ✗ B. $526\sqrt{3}\ \text{cm}^2$ |
| | ✓ C. $507\sqrt{3}\ \text{cm}^2$ |
| | ✗ D. $510\sqrt{3}\ \text{cm}^2$ |

| Q.33 | ज्वार और चने का बाजार मूल्य 1 : 5 के अनुपात में है, और एक परिवार मात्रा के अनुसार उनका उपभोग 4 : 3 के अनुपात में करता है। ज्वार और चने पर व्यय का अनुपात ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 4 : 15 |
| | ✗ B. 5 : 16 |
| | ✗ C. 6 : 17 |
| | ✗ D. 3 : 11 |

| Q.34 | चतुर्भुज PQRS में, ∠R और ∠S के समद्विभाजक, बिंदु T (चतुर्भुज के अंदर) पर मिलते हैं और ∠STR = 17° है। यदि ∠P और ∠Q का अनुपात 8 : 9 है, तो ∠Q और ∠P के मापों में अंतर कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 6° |
| | ✓ B. 2° |
| | ✗ C. 4° |
| | ✗ D. 5° |

| Q.35 | दिए गए व्यंजक में x का मान ज्ञात कीजिए। $\frac{x}{2.1} + \frac{4.2}{6.3} = 4$ |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 7 |
| | ✗ B. 9 |
| | ✗ C. 6 |
| | ✗ D. 8 |

| Q.36 | एक बेलन की ऊंचाई 56 cm है। यदि इसके आधार की परिधि 176 cm है, तो इस बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) कितना होगा? $\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 11,745 |
| | ✗ B. 12,895 |
| | ✓ C. 14,784 |
| | ✗ D. 13,252 |

| Q.37 | एक बंटन में, जहां आनुभविक संबंध सत्य है, यदि बहुलक और माध्यिका दोनों 46 हैं, तो माध्य ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 46 |
| | ✗ B. 46.5 |
| | ✗ C. 45 |
| | ✗ D. 45.5 |

| | |
|---|---|
| Q.38 | यदि $\frac{1}{1 - \tan\theta} + \frac{1}{1 + \tan\theta} = 3$ है, और $\theta$ एक न्यून कोण है, तो cosec $\theta$ का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ A. 2 |
| | ✘ B. $\frac{1}{\sqrt{2}}$ |
| | ✘ C. 1 |
| | ✘ D. $\sqrt{2}$ |

| | |
|---|---|
| Q.39 | एक टैक्सी सेवा एक निश्चित आधार किराया और प्रति किलोमीटर एक परिवर्तनशील दर लेती है। 10 km की यात्रा के लिए, राजू ने ₹230 और 15 km की यात्रा के लिए, मीना ने ₹330 का भुगतान किया। आधार किराया और प्रति किलोमीटर शुल्क क्या है? |
| Ans | ✘ A. आधार किराया = ₹40; प्रति किलोमीटर शुल्क = ₹18 |
| | ✘ B. आधार किराया = ₹50; प्रति किलोमीटर शुल्क = ₹18 |
| | ✘ C. आधार किराया = ₹60; प्रति किलोमीटर शुल्क = ₹15 |
| | ✔ D. आधार किराया = ₹30; प्रति किलोमीटर शुल्क = ₹20 |

| | |
|---|---|
| Q.40 | एक स्टेशनरी विक्रेता 6 नोटबुक ₹30 में खरीदता है और उन्हें ₹36 में बेचता है। उसका लाभ प्रतिशत कितना है? |
| Ans | ✘ A. 6% |
| | ✘ B. 16.67% |
| | ✘ C. 120% |
| | ✔ D. 20% |

| | |
|---|---|
| Q.41 | A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 17 दिन, 51 दिन और 68 दिनों में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने मिलकर उस कार्य को पूरा किया और मजदूरी के रूप में ₹5,985 अर्जित किए। B की मजदूरी (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ A. 945 |
| | ✔ B. 1,260 |
| | ✘ C. 2,241 |
| | ✘ D. 3,780 |

| | |
|---|---|
| Q.42 | ईंधन की कीमत तीन लगातार महीनों में 45%, 15% और 50% कम हो जाती है, लेकिन चौथे महीने में 70% बढ़ जाती है। मूल कीमत की तुलना में चौथे महीने में ईंधन की कीमत में कितने प्रतिशत की वृद्धि/ कमी हुई? (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) |
| Ans | ✘ A. 66.72% की वृद्धि |
| | ✘ B. 61.32% की कमी |
| | ✔ C. 60.26% की कमी |
| | ✘ D. 65.02% की वृद्धि |

| | |
|---|---|
| Q.43 | यदि $5^{x-y} = 3125$ और $3^{3x+y} = 2187$ है, तो $19x - 18y$ का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ A. 91 |
| | ✔ B. 93 |
| | ✘ C. 95 |
| | ✘ D. 97 |

| | |
|---|---|
| Q.44 | एक कक्षा के 43 विद्यार्थियों की औसत आयु 25 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 26 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्षों में) कितनी है? |
| Ans | ✘ A. 71 |
| | ✘ B. 68 |
| | ✔ C. 69 |
| | ✘ D. 66 |

| | |
|---|---|
| Q.45 | किसी वस्तु पर उसके क्रय मूल्य से 25% अधिक मूल्य अंकित किया गया है। इस पर 15% का लाभ अर्जित करने के लिए छूट दी गई है। छूट प्रतिशत ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 5% |
| | ✓ B. 8% |
| | ✗ C. 12% |
| | ✗ D. 10% |

| | |
|---|---|
| Q.46 | 1209 सैनिकों की एक टुकड़ी के पास 20 दिनों के लिए रसद सामग्री है। यदि टुकड़ी में 403 सैनिक और बढ़ा दिए जाएं, तो रसद सामग्री कितने समय (दिन में) तक चलेगी? |
| Ans | ✗ A. 35 |
| | ✗ B. 10 |
| | ✓ C. 15 |
| | ✗ D. 25 |

| | |
|---|---|
| Q.47 | A, B और C किसी काम को क्रमशः 3, 10 और 15 दिनों में पूरा कर सकते हैं। एक साथ काम करते हुए, उसी काम का दोगुना काम करने में उन्हें कितना समय (दिन में) लगेगा? |
| Ans | ✗ A. 5 |
| | ✓ B. 4 |
| | ✗ C. 8 |
| | ✗ D. 12 |

| | |
|---|---|
| Q.48 | एक वस्तु का मूल्य पहले 20% बढ़ाया जाता है और बाद में बिक्री में कमी के कारण 25% घटा दिया जाता है। वस्तु के अंतिम मूल्य में शुद्ध प्रतिशत परिवर्तन ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 10% की वृद्धि |
| | ✗ B. 9% की वृद्धि |
| | ✗ C. 8% की वृद्धि |
| | ✓ D. 10% की कमी |

| | |
|---|---|
| Q.49 | प्रिया और उसके छोटे भाई रोहन की वर्तमान आयु का योग 44 वर्ष है। चार वर्ष पूर्व, प्रिया की आयु उस समय रोहन की आयु की दोगुनी थी। प्रिया की वर्तमान आयु (वर्ष में) कितनी है? |
| Ans | ✗ A. 26 |
| | ✗ B. 30 |
| | ✓ C. 28 |
| | ✗ D. 24 |

| | |
|---|---|
| Q.50 | $(3m - 5n)^2$ का विस्तार कीजिए। |
| Ans | ✗ A. $6m^2 - 30mn + 25n^2$ |
| | ✗ B. $9m^2 - 15mn + 25n^2$ |
| | ✗ C. $9m^2 + 30mn + 25n^2$ |
| | ✓ D. $9m^2 - 30mn + 25n^2$ |

## Section : General Intelligence and Reasoning

| | |
|---|---|
| Q.51 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह युग्म है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?<br><br>(नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ A. SO-NJ |
| | ✗ B. JF-EA |
| | ✗ C. TP-OK |
| | ✓ D. NJ-HG |

| Q.52 | रमेश बिंदु A से चलना शुरू करता है और उत्तर की ओर 51 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 55 km गाड़ी चलाता है, फिर दाएं मुड़ता है और 54 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 56 km गाड़ी चलाता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 3 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पश्चिम में 4 km |
| | ✗ B. पश्चिम में 3 km |
| | ✗ C. पूर्व में 2 km |
| | ✔ D. पूर्व में 1 km |

| Q.53 | संख्या 9214538 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक भी नहीं |
| | ✗ B. दो |
| | ✔ C. तीन |
| | ✗ D. एक |

| Q.54 | सात व्यक्ति, R, S, T, U, V, W और X, एक पंक्ति में, पूर्व की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। V दाएं छोर से तीसरे स्थान पर बैठा है। W के बाईं ओर चौथे स्थान पर S है। R, V के दाईं ओर तथा एक छोर पर बैठा है। T और S के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। U किसी भी छोर पर नहीं बैठा है। बाएं छोर पर कौन बैठा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. W |
| | ✗ B. V |
| | ✔ C. X |
| | ✗ D. T |

| Q.55 | निम्नलिखित संख्या-प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) $ # # £ 9 % £ 7 * & € 1 3 4 5 6 4 9 € 2 5 & (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है तथा ठीक बाद भी एक प्रतीक है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 2 |
| | ✗ B. 4 |
| | ✗ C. 5 |
| | ✗ D. 6 |

| Q.56 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>BZA 30 ZXY 41 XVW 52 VTU 63 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. TQR 73 |
| | ✗ B. TSR 74 |
| | ✔ C. TRS 74 |
| | ✗ D. TYE 73 |

| | |
|---|---|
| Q.57 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी हाइड्रोजन, ऑक्सीजन है।<br>कुछ ऑक्सीजन, नाइट्रोजन है।<br>कुछ नाइट्रोजन, कार्बन है।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): कुछ नाइट्रोजन, हाइड्रोजन है।<br>(II): कोई कार्बन, ऑक्सीजन नहीं है। |
| Ans | ✔ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) सत्य है |
| | ✘ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों सत्य हैं |
| | ✘ C. केवल निष्कर्ष (I) सत्य है |
| | ✘ D. केवल निष्कर्ष (II) सत्य है |

| | |
|---|---|
| Q.58 | सड़क पर ट्रैफिक जाम में, कार A, कार B के दाईं ओर है। कार D, कार B के बाईं ओर है। कार F, कार D के पीछे है। कार B के सापेक्ष कार F की स्थिति क्या है? |
| Ans | ✘ A. दक्षिण-पूर्व |
| | ✔ B. दक्षिण-पश्चिम |
| | ✘ C. पश्चिम |
| | ✘ D. दक्षिण |

| | |
|---|---|
| Q.59 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>249 232 215 198 181 ? |
| Ans | ✘ A. 166 |
| | ✘ B. 168 |
| | ✘ C. 170 |
| | ✔ D. 164 |

| | |
|---|---|
| Q.60 | यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।<br><br>(बाएं) 742 912 853 657 154 (दाएं)<br><br>उदाहरण: 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br><br>नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं करनी हैं।<br><br>यदि सभी संख्याओं को अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए तो कितनी संख्याओं का स्थान अपरिवर्तित रहेगा? |
| Ans | ✘ A. तीन |
| | ✘ B. एक |
| | ✘ C. चार |
| | ✔ D. दो |

| | |
|---|---|
| Q.61 | उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>CUV : AYT<br>YCR : WGP |
| Ans | ✘ A. KGX : HKU |
| | ✔ B. UKN : SOL |
| | ✘ C. TWG : PYC |
| | ✘ D. ANP : VRK |

| Q.62 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>'A + B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',<br>'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का पति है',<br>'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और<br>'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है'।<br><br>यदि 'F × G + H – I ÷ K' है, तो F का K से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. पिता की माता |
| | ✘ B. पिता की बहन |
| | ✘ C. माता की माता |
| | ✘ D. माता की बहन |

| Q.63 | निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं।) गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 6 9 1 7 9 7 3 8 1 9 1 7 7 5 4 4 3 2 3 8 7 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है तथा ठीक बाद भी एक विषम अंक है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 7 |
| | ✘ B. 5 |
| | ✔ C. 8 |
| | ✘ D. 6 |

| Q.64 | दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं)।<br><br>(बाएं) 4 2 1 5 7 9 8 5 3 6 2 1 5 7 3 7 8 4 3 6 9 7 4 5 2 4 1 (दाएं)<br><br>संख्या श्रृंखला में कितनी अभाज्य संख्याएँ हैं? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. नौ |
| | ✔ B. चौदह |
| | ✘ C. सात |
| | ✘ D. तेरह |

| Q.65 | A, B, C, D, N, O और P एक सीधी पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।<br>केवल N, P के बाईं ओर बैठा है। N और A के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। O और C के बीच केवल B बैठा है, तथा O, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है।<br>पंक्ति के दाएं छोर पर कौन बैठा है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. O |
| | ✘ B. C |
| | ✔ C. D |
| | ✘ D. A |

| Q.66 | संख्या 1368497 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योगफल कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 8 |
| | ✘ B. 7 |
| | ✔ C. 11 |
| | ✘ D. 10 |

| Q.67 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>28 33 23 28 ? 23 |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 18 |
| | ✘ B. 20 |
| | ✘ C. 15 |
| | ✘ D. 22 |

| Q.68 | निम्नलिखित त्रिक में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से वह विकल्प चुनिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।<br><br>**WEAR - EAWR - RAEW**<br>**SINK - INSK - KNIS** |
|---|---|
| Ans | ✔ A. MONK - ONMK - KNOM |
| | ✘ B. BITE - BTIE - ETIB |
| | ✘ C. FANS - ANFS - ANSF |
| | ✘ D. YOUR - OYUR - ROUY |

| Q.69 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✘ A. FIE |
| | ✘ B. KNJ |
| | ✘ C. ORN |
| | ✔ D. QPT |

| Q.70 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'give me bike' को 'bn gt ry' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'who know me' को 'ry fh vt' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'me' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. bn |
| | ✔ B. ry |
| | ✘ C. fh |
| | ✘ D. vt |

| Q.71 | उस समुच्चय का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी तरह से संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>**(28, 4, 336)**<br>**(25, 5, 375)** |
|---|---|
| Ans | ✘ A. (41, 3, 379) |
| | ✔ B. (32, 3, 288) |
| | ✘ C. (26, 6, 368) |
| | ✘ D. (31, 6, 465) |

| Q.72 | सभी 63 व्यक्ति एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर खड़े हैं।<br>श्रीमान Zzz बाएँ छोर से 12वें स्थान पर हैं जबकि श्रीमान Ggg दाएं छोर से 5वें स्थान पर हैं।<br>श्रीमान Zzz और श्रीमान Ggg के बीच कितने व्यक्ति हैं? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 46 |
| | ✘ B. 47 |
| | ✘ C. 43 |
| | ✘ D. 45 |

| Q.73 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>कुछ घर, पतंग हैं।<br>सभी आम, घर हैं।<br>सभी फूल, पतंग हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ घर, फूल हैं।<br>(II) कोई फूल, आम नहीं है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |
| | ✓ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |

| Q.74 | छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A, E के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। B, E के बाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। B और F के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। C, F के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। D, A के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। निम्नलिखित चार में से तीन दी गई व्यवस्था के आधार पर एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा उस समूह से संबंधित नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. CF |
| | ✗ B. FD |
| | ✓ C. BA |
| | ✗ D. DE |

| Q.75 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>NDG, PFI, RHK, TJM, ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. VLP |
| | ✗ B. VKP |
| | ✗ C. VKO |
| | ✓ D. VLO |

| Q.76 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'bring the cup' को 'bz rs tq' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'cup on the' को 'rs pl tq' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'on' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. rs |
| | ✗ B. tq |
| | ✗ C. bz |
| | ✓ D. pl |

| Q.77 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, BDBF का संबंध एक निश्चित तरीके से JLJN से है। उसी प्रकार, HJHL का संबंध PRPT से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, RTRV का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ZAYD |
| | ✗ B. ZBYD |
| | ✗ C. ZCYG |
| | ✓ D. ZBZD |

| Q.78 | सात डिब्बे D, E, F, U, V, W और X एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। X के नीचे केवल पाँच डिब्बे रखे गए हैं। F और X के बीच केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। V को F के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। X और W के बीच केवल E को रखा गया है। D को X के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। V और D के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. पाँच |
| | ✘ B. चार |
| | ✘ C. तीन |
| | ✘ D. दो |

| Q.79 | यदि संख्या 7593562 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो बनने वाली नई संख्या में निम्नलिखित में से कौन-सा अंक बायीं ओर से दूसरा होगा? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 8 |
| | ✘ B. 1 |
| | ✘ C. 5 |
| | ✔ D. 3 |

| Q.80 | दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>951 952 954 957 961 ? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 965 |
| | ✔ B. 966 |
| | ✘ C. 964 |
| | ✘ D. 969 |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| Q.81 | जनवरी 2025 में, भारतीय रिजर्व बैंक ने निम्नलिखित में से किस गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) पर पर्यवेक्षी प्रतिबंध हटा दिए? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. आरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज |
| | ✘ B. फैमिली होम फाइनेंस |
| | ✘ C. एपी रूरल बैंक |
| | ✘ D. गोकैपिटल फाइनेंस |

| Q.82 | खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 का 5वां संस्करण किस केंद्र शासित प्रदेश में आयोजित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश |
| | ✘ B. हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड |
| | ✘ C. पंजाब और हरियाणा |
| | ✔ D. जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख |

| Q.83 | रिलायंस इंडस्ट्रीज द्वारा शुरू की जाने वाली ChatGPT-स्टाइल AI सर्विस का क्या नाम है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. ChatGPT-स्टाइल (ChatGPT-style) |
| | ✘ B. G P स्टाइल (G P Style) |
| | ✘ C. चैट रिलायंस (Chat Reliance) |
| | ✔ D. हनुमान (Hanooman) |

| Q.84 | भारत के उपराष्ट्रपति द्वारा गोवा के राजभवन में किसकी प्रतिमा का अनावरण किया गया जिन्हें प्राचीन भारतीय इतिहास में 'चिकित्सा के जनक' के रूप में जाना जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. धन्वंतरि |
| | ✔ B. चरक |
| | ✘ C. पतंजलि |
| | ✘ D. सुश्रुत |

| | |
|---|---|
| Q.85 | किस सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने 2025 में ISRO से लघु उपग्रह प्रक्षेपण यानों (SSLVs) के विनिर्माण और वाणिज्यीकरण हेतु ₹511 करोड़ का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (ToT) समझौता हासिल किया? |
| Ans | ✔ A. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (Hindustan Aeronautics Limited) |
| | ✘ B. लार्सन एंड टुब्रो (Larsen & Toubro) |
| | ✘ C. इंडियन स्पेसटेक कॉर्पोरेशन (Indian SpaceTech Corporation) |
| | ✘ D. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (Bharat Electronics Limited) |

| | |
|---|---|
| Q.86 | पर्यावरण लेखा परीक्षा नियम, 2025, भारत के किस मंत्रालय द्वारा पेश किए गए थे? |
| Ans | ✘ A. कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय |
| | ✘ B. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय |
| | ✘ C. पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय |
| | ✔ D. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय |

| | |
|---|---|
| Q.87 | मई 2025 में किस पाकिस्तानी भाला फेंक खिलाड़ी को 'सर्वश्रेष्ठ एशियाई एथलीट' का खिताब मिला? |
| Ans | ✔ A. अरशद नदीम |
| | ✘ B. मुहम्मद इलिहास |
| | ✘ C. करीम अली कामरान |
| | ✘ D. मोहम्मद अली |

| | |
|---|---|
| Q.88 | 2025 में लाइव FIDE रैंकिंग में नंबर 1 रैंक प्राप्त करने वाले पहले भारतीय शतरंज खिलाड़ी कौन बने? |
| Ans | ✘ A. विश्वनाथन आनंद (Viswanathan Anand) |
| | ✘ B. अर्जुन एरिगैसी (Arjun Erigaisi) |
| | ✘ C. डी. गुकेश (D Gukesh) |
| | ✔ D. आर. प्रज्ञानानंद (R Praggnanandhaa) |

| | |
|---|---|
| Q.89 | जून 2025 में की गई घोषणा के अनुसार, गुजरात में उन्नत कौशल और रोजगार क्षमता को बढ़ावा देने हेतु निम्नलिखित में से किस बैंक ने $109.97 मिलियन का ऋण अनुमोदित किया? |
| Ans | ✔ A. एशियाई विकास बैंक |
| | ✘ B. विश्व बैंक |
| | ✘ C. भारतीय रिजर्व बैंक |
| | ✘ D. भारतीय स्टेट बैंक |

| | |
|---|---|
| Q.90 | 2025 में किस दिन को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया? |
| Ans | ✘ A. 9 अगस्त |
| | ✘ B. 18 जुलाई |
| | ✘ C. 21 सितंबर |
| | ✔ D. 12 अगस्त |

| | |
|---|---|
| Q.91 | 2025 वैश्विक भूख सूचकांक (2025 Global Hunger Index) रिपोर्ट के अनुसार, आकलन किए गए देशों में भारत की रैंक क्या है? |
| Ans | ✘ A. 110वीं |
| | ✘ B. 98वीं |
| | ✘ C. 95वीं |
| | ✔ D. 102वीं |

| | |
|---|---|
| Q.92 | भारतीय संरक्षण सम्मेलन-2025, जिसमें परंपरागत ज्ञान और वैज्ञानिक दृष्टिकोणों पर प्रकाश डाला गया, वर्ष 2025 के किस महीने में आयोजित किया गया? |
| Ans | ✗ A. सितंबर |
| | ✓ B. जून |
| | ✗ C. अप्रैल |
| | ✗ D. मार्च |
| Q.93 | मई 2025 में राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) द्वारा कॉलेज के छात्रों के लिए लैंगिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देने, यौन उत्पीड़न की रोकथाम से संबंधित जागरूकता बढ़ाने और विद्यार्थियों को प्रभावित करने वाले साइबर अपराधों से निपटने के लिए शुरू किए गए नए कार्यक्रम का नाम क्या है? |
| Ans | ✗ A. युवा सक्षम इनीशिएटिव (Yuva Saksham Initiative) |
| | ✗ B. जेंडर सेंसिटाइजिंग स्कॉलर्स (Gender Sensitization Scholars) |
| | ✓ C. कैम्पस कॉलिंग अभियान (Campus Calling Abhiyaan) |
| | ✗ D. कैम्पस ऐम्बैसडर प्रोग्राम (Campus Ambassadors Programme) |
| Q.94 | पैनोरमा इंटरनेशनल लिटरेचर फेस्टिवल अवार्ड्स, 2025 में, किस युवा भारतीय को सेरेना मेमोरियल चाइल्ड प्रॉडिजी अवार्ड, 2025 से सम्मानित किया गया? |
| Ans | ✗ A. कर्णव रस्तोगी (Karnav Rastogi) |
| | ✗ B. सलमान लकड़ा (Salman Lakda) |
| | ✗ C. विनीता अग्रवाल (Vinita Agrawal) |
| | ✓ D. नैरिथी कोंडुरु (Nairithi Konduru) |
| Q.95 | मार्च 2025 में मदुरै जिले में मुख्यमंत्री मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम का उद्घाटन किसने किया? |
| Ans | ✗ A. अंबिल महेश (Anbil Mahesh) |
| | ✗ B. पी. मूर्ति (P Moorthy) |
| | ✓ C. उदयनिधि स्टालिन (Udhayanidhi Stalin) |
| | ✗ D. एडप्पडी के. पलानीस्वम (Edappadi K Palaniswam) |
| Q.96 | केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री द्वारा 20 अगस्त 2025 को प्रस्तुत किए गए निम्नलिखित विधेयकों में से कौन-सा विधेयक, प्रमुख संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों को जेल में रहते हुए सरकार चलाने से रोकता है? |
| Ans | ✓ A. संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक, 2025 |
| | ✗ B. संविधान (एक सौ अट्ठाईसवां संशोधन) विधेयक, 2025 |
| | ✗ C. संविधान (एक सौ सत्ताईसवां संशोधन) विधेयक, 2025 |
| | ✗ D. संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक, 2025 |
| Q.97 | देश का पहला भूकंप पूर्व चेतावनी मोबाइल एप्लिकेशन 'भूकंप (Bhookamp)' निम्नलिखित में से किस IIT में विकसित किया गया है? |
| Ans | ✗ A. IIT कानपुर |
| | ✗ B. IIT दिल्ली |
| | ✗ C. IIT इंदौर |
| | ✓ D. IIT रुड़की |
| Q.98 | अगस्त 2025 में, निम्नलिखित में से कौन-सा संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश किया गया था? |
| Ans | ✗ A. 131वाँ संशोधन विधेयक |
| | ✓ B. 130वाँ संशोधन विधेयक |
| | ✗ C. 133वाँ संशोधन विधेयक |
| | ✗ D. 129वाँ संशोधन विधेयक |

| Q.99 | वक्फ मामलों से संबंधित किस अन्य विधेयक को 2025 में राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. मुस्लिम संपत्ति विनियमन विधेयक (Muslim Property Regulation Bill) |
| | ✗ B. इस्लामिक ट्रस्ट्स सुधार विधेयक (Islamic Trusts Reform Bill) |
| | ✗ C. वक्फ अधिकरण स्थापना विधेयक (Waqf Tribunal Establishment Bill) |
| | ✓ D. मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक {Mussalman Wakf (Repeal) Bill} |

| Q.100 | आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) के अनुसार, मई 2025 में भारत की बेरोजगारी दर क्या थी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5.1% |
| | ✗ B. 6.2% |
| | ✓ C. 5.6% |
| | ✗ D. 4.8% |

"